भारत सरकार

सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 1132

उत्तर देने की तारीख 08.02.2024

"स्फूर्ति" योजना के अंतर्गत क्लस्टर

1132. श्री प्रताप चंद्र षडङ्गीः
श्री सी. आर. पाटिलः
श्री अनुराग शर्माः

क्या सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) "स्फूर्ति" योजना के अंतर्गत नियमित क्लस्टरों और प्रमुख क्लस्टरों को प्रदान की गई सहायता का ब्यौरा क्या है;

(ख) उक्त योजना के अंतर्गत ओडिशा, गुजरात और उत्तर प्रदेश राज्यों में अब तक कितने कारीगरों और क्लस्टरों को सहायता प्रदान की गई है;

(ग) उक्त राज्यों में कितने क्लस्टर चालू हो गए हैं;

(घ) क्या बालासोर, नवसारी और झांसी संसदीय निर्वाचन क्षेत्रों में ऐसे किसी समूह को अनुमोदित किया गया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ङ) उक्त संसदीय निर्वाचन क्षेत्रों में ऐसे किसी समूह के लिए अनुमोदित और स्वीकृत सहायता का ब्यौरा क्या है; और

(च) बालासोर, नवसारी और झांसी में बीच मसाला प्रसंस्करण और मूल्य संवर्धन क्लस्टर की स्थिति क्या है?

उत्तर

सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम राज्य मंत्री

(श्री भानु प्रताप सिंह वर्मा)

(क) 500 कारीगरों वाले नियमित क्लस्टर को 2.5 करोड़ रु. तक और 500 से अधिक कारीगरों वाले प्रमुख क्लस्टर को 5 करोड़ रु. तक की भारत सरकार की सहायता प्रदान की जाती है।

(ख) और (ग) ओडिशा, गुजरात और उत्तर प्रदेश राज्यों में अनुमोदित और क्रियाशील हुए क्लस्टरों की संख्या **अनुबंध-I** के रूप में संलग्न है।

(घ) और (ङ) बालासोर और नवसारी में अनुमोदित क्लस्टरों के ब्यौरे **अनुबंध-II** के रूप में संलग्न हैं। झाँसी में कोई क्लस्टर अनुमोदित नहीं है।

(च) बालासोर, नवसारी अथवा झाँसी में बीज मसाला प्रसंस्करण और मूल्य संवर्धन क्लस्टर के नाम का कोई भी क्लस्टर अनुमोदित नहीं है।

*****

अनुबंध-I

(लोक सभा अतारांकित प्रश्न सं. 1132 के भाग (ख) और (ग) के उत्तर में उल्लखित अनुबंध)

राज्य	अनुमोदित क्लस्टरों की संख्या	क्रियाशील क्लस्टरों की संख्या	भारत सरकार सहायता (लाख रु. में)	कारीगरों की कुल संख्या
गुजरात	14	11	2,971.48	6,543
ओडिशा	70	40	20,484.17	46,902
उत्तर प्रदेश	59	41	16,243.807	32,440

अनुबंध –II

(लोक सभा अतारांकित प्रश्न सं. 1132 के भाग (घ) और (ङ) के उत्तर में उल्लखित अनुबंध)

क्र. सं.	क्लस्टर का नाम	जिला	कारीगरों की कुल संख्या	स्फूर्ति सहायता (लाख रु. में)	स्थिति
1	बारबेरिया बांस क्लस्टर	बालासोर	690	327.23	कार्यान्वयन के अधीन
2	भोगराई कयर क्लस्टर	बालासोर	559	150.34	कार्यान्वयन के अधीन
3	कल्याणी जूट क्लस्टर	बालासोर	502	185.61	क्रियाशील
4	नीलगिरि देशी दूध (ए2) प्रसंस्करण क्लस्टर	बालासोर	1511	407.02	कार्यान्वयन के अधीन
5	पत्थर पर नक्काशी क्लस्टर	बालासोर	552	235.15	क्रियाशील
6	बेंत एवं बांस क्लस्टर	नवसारी	250	144.13	कार्यान्वयन के अधीन
7	पैच वर्क और कढ़ाई क्लस्टर	नवसारी	455	234.92	क्रियाशील